	कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व **प्रेस नोट**	
@dcpeastjodhpur	dcpjodhpureast	Dcp Jodhpur East

दिनांकः— 09.11.2023

- **डीएसटी पूर्व एवं पुलिस थाना करवड़, जोधपुर पूर्व की अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध संयुक्त बड़े स्तर की कार्यवाही**
- **एक ट्रक में अवैध रूप से परिवहन हो रहे 1510.720 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त, एक मुल्जिम गिरफ्तार**
- **जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 3 करोड़**
- **डीएसटी पूर्व की सुचना पर पिछले दो माह में मादक पदार्थों की 4 बड़ी जब्ती की कार्यवाही को दिया गया अंजाम**

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के आदेशानुसार मन पुलिस उपायुक्त के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व के सुपरविजन में व सहायक पुलिस आयुक्त मंडोर के निकटतम सुपरविजन में विधानसभा आम चुनाव के मध्यनजर जिला जोधपुर पूर्व में अवैध मादक पदार्थ सप्लायर्स पर कार्यवाही करने, अवैध मादक पदार्थ तस्करों पर निगरानी रखने के आदेश डी.एस.टी. पूर्व की टीम को दिये गये। जिस पर डी.एस.टी. पूर्व की टीम व पुलिस थाना करवड द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त कुल 1510.720 किलोग्राम मय एक ट्रक गाड़ी के बरामद करने में सफलता हासिल की है।

कार्यवाही पुलिसः—

उपरोक्त विशेष दल को विधानसभा चुनाव 2023 के मध्यनजर रखते हुए शहर व जोधपुर संभाग में विशेष रूप से अवैध पदार्थ सप्लाई करने की सुचना मिल रही थी जिसपर मुखबीरो को सक्रिय कर अवैध मादक पदार्थ के लोकल स्तर पर पर खरीदने वालो व बेचने वालों को निगरानी पर लिया गया व उनको सप्लाई करने वाले महत्वपुर्ण इनपुट के आधार पर कई अन्य लोकल सप्लायर के नाम सामने आये। जिन पर लगातार निगरानी रखी गई। दिनांक 8 नवंबर 2023 को डी.एस.टी. टीम पूर्व प्रभारी श्री कन्हैयालाल, उ.नि. को जरिये खास मुखबीर के सुचना मिली की एक ट्रक जिसमें अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा होने की पुरी संभावना है जो कि झारखंड से माल भरकर गंगाणी, भवाद होते हुए ओसियां जाने की संभावना है। उक्त सुचना को थानाधिकारी करवड़ को अवगत करवाये जाने पर थानाधिकारी करवड़ मय जाब्ते के गंगाणी फाटा पर नाकाबंदी की गई, परन्तु चालक ने नाकाबंदी तोड़ते हुए गाड़ी भगाने का प्रयास किया जिस पर थानाधिकारी मय जाब्ते ने नाकाबंदी करके उक्त वाहन को करवड़ थाने के सामने रूकवाया जाकर चालक मय ट्रक को दस्तयाब किया गया एवं पुलिस जाब्तें द्वारा ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक में प्लास्टिक के खाली कैरेट के निचे प्लास्टिक के कट्टों में भरा हुआ कुल 1510.720 किलोग्रम अवैध अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। बरामद हुए अवैध डोडा पोस्त की कीमत करीब 3 करोड़ रूपये है। बरामद हुए अवैध डोडा पोस्त के खरीद फरोख्त के बारे में अधिक जानकारी जुटाई जा रही है एवं उक्त घटना में शरीक अन्य मुल्जिमानों की तलाश की जा रही है।

गिरफ्तार मुलजिमः— संपतलाल पुत्र श्री पाबुराम जाति विश्नोई उम्र 27 साल, निवासी मानेवड़ा पुलिस थाना भोजासर जिला फलौदी

कार्यवाही टीमः—

1. श्री हनुमानसिहं नि.पु. थानाधिकारी, पुलिस थाना करवड,
2. श्री कन्हैयालाल उ.नि. प्रभारी, डीएसटी, जोधपुर पूर्व मय टीम
3. श्री राकेश सिंह स.उ.नि. प्रभारी, साईबर सैल मय टीम
4. श्री मोहनराम सउनि पुलिस थाना करवड़
5. श्री श्रवण कुमार हैड कानि 84 पुलिस थाना करवड
6. श्री छोटाराम कानि 681 पुलिस थाना करवड़
7. श्री हुक्माराम कानि 2503 पुलिस थाना करवड
8. श्री भैराराम कानि 246 पुलिस थाना करवड
9. श्री मगाराम कानि 2173 पुलिस थाना करवड़
10. श्री नानकराम कानि 2121 पुलिस थाना करवड
11. श्री परसाराम हैड कानि. चालक 2292 पुलिस थाना करवड

डॉ अमृता दुहन
(I.P.S.)
पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व

USE
DIPPER
AT
NIGHT